प्रपत्र–20

**परियोजना का नाम–** भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय हेतु भवन निर्माण।

## मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड का अनापत्ति का प्रमाण पत्र।

प्रमाणित किया जाता है कि हल्द्वानी वन प्रभाग हल्द्वानी के छकाता राजि के अर्न्तगत सुल्तान नगरी वन ब्लौक में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उक्त प्रस्तावित वन भूमि शिवालिक ऐलीफैन्ट रिर्जव के अर्न्तगत घोषित है। परन्तु प्रस्तावित क्षेत्र आबादी से घिरा होने के कारण यहां वन्य जीवों का आवगमन नहीं है। उक्त प्रस्तावित वन भूमि काठगोदाम–चोरगलिया पी0डब्लु0डी0 मोटर मार्ग से लगी है जिसमें अत्यधिक वाहनों का आवागमन रहता है तथा जिसके आस–पास की वन भूमि पूर्व से ही लीसा डिपो, केन्द्रीय सुरक्षा पुलिस बल (C.R.P.F) तथा आयकर विभाग को हस्तान्तरित की जा चुकी है। आबादी से घिरा होने के कारण यह क्षेत्र अतिक्रमण की दृष्टी से भी सवेंदनशील है।

प्रस्तावित वन भूमि के उत्तरी दिशा में स्थित बरसाती नाला जो प्रस्तावित वन भूमि के पूर्वी दिशा में स्थित रातीघाट क0सं0 1 अ वन क्षेत्र से प्रारम्भ होकर गौला नदी में मिलता है उक्त नाले में आने वाले पानी के बहाव नियंत्रित करने हेतु नाले का उपचार किया जाना अति आवश्यक है तथा उक्त नाले के उपचार में आने वाले व्यय को प्रस्तावक विभाग द्वारा वहन किया जायेगा।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वन भूमि हस्तान्तरण की संस्तुति की जाती है।

प्रभागीय वनाधिकारी,
प्रभागीय वनाधिकारी
हल्द्वानी वन प्रभाग, हल्द्वानी.

उप प्रभागीय वनाधिकारी
नन्धौर उप प्रभाग हल्द्वानी

वन क्षेत्राधिकारी
छकाता राजि
हल्द्वानी वन प्रभाग

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक,
उत्तराखण्ड, देहरादून।